देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 26.05.2025

समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उप–मुख्यमंत्रियों की बैठक में विकास कार्यों की गति को बढ़ाने पर बल दिया गया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– यूसीसी के तहत सिर्फ चार महीने में राज्यभर से डेढ़ लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।
- अमरीका, चीन और जर्मनी के बाद भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना।
- पौड़ी जिले के बूढ़ा भरसार ट्रैक को ''ट्रैक ऑफ द ईयर'' के रूप में विकसित किया जाएगा।

<u>एनडीए एक दिवसीय सम्मेलन</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों का एक दिन का सम्मेलन कल नई दिल्ली में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वच्छता, सफाई, स्वास्थ्य सेवा, युवा सशक्तिकरण, कृषि, प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत तालमेल बनाने की जानकारी दी।

भाजपा के सुशासन विभाग द्वारा आयोजित इस बैठक में सुशासन के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हिस्सा लिया। एनडीए शासित सभी 20 राज्यों के 20 मुख्यमंत्री और 18 उपमुख्यमंत्री बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि इस बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें पहला प्रस्ताव ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित था और दूसरा प्रस्ताव जाति जनगणना कराने के सरकार के फैसले से संबंधित था। श्री नड्डा ने कहा कि उनकी पार्टी यह स्पष्ट करना चाहती है कि वह जातिवाद की राजनीति नहीं करती है क्योंकि पिछड़ों को मुख्यधारा में लाना समाज की आवश्यकता है।

यू०सी०सी

प्रदेश में समान नागरिक संहिता– यू०सी०सी लागू करने के लिये मजबूत प्रणाली विकसित की गई है। जनसाधारण के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए पोर्टल और मोबाइल ऐप के साथ चौदह हजार से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर्स को जोड़ा गया है। देहरादून में आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यू०सी०सी पर प्रस्तुति देते हुए बताया कि समान नागरिक संहिता से जुड़ी समस्याओं के लिये, शिकायत निवारण और ऑटो एस्केलेशन सिस्टम भी लागू किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ चार महीने में यूसीसी के तहत राज्यभर से डेढ़ लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं और राज्य के करीब 98 प्रतिशत गांवों से प्रतिक्रियाएं मिली हैं।

मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि यूसीसी का उद्देश्य जाति, धर्म और लिंग के आधार पर भेदभाव को समाप्त कर सभी को समान अधिकार देना है। इसके तहत हलाला, इद्दत, बहुविवाह, बाल विवाह और तीन तलाक जैसी कुप्रथाएं समाप्त की गई हैं।

जगदीशिला यात्रा

उत्तराखंड में सड़क मार्ग से सबसे लंबी बाबा विश्वनाथ जगदीशिला देव डोली यात्रा अल्मोड़ा जिले में प्रवेश कर चुकी है। अल्मोड़ा के सिकुड़ा, धारानौला, पुलिस लाइन, दुगालखोला आदि क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, अक्षत और हल्दी से अर्घ्य अर्पित कर यात्रा का भव्य स्वागत किया।

यात्रा संयोजक मंत्री प्रसाद नैथानी ने बताया कि उत्तराखंड के मंदिरों के संरक्षण और राज्य में पलायन की समस्या को रोकने के उद्देश्य से यह देव डोली यात्रा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है।

गौरतलब है कि यह यात्रा 7 मई को टिहरी के विशोन पर्वत से प्रारंभ हुई थी और 8 मई को हरिद्वार पहुंचने के बाद अब गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्र का भ्रमण कर रही है। यह यात्रा 5 जून, गंगा दशहरा के दिन, विशोन पर्वत पर अगले वर्ष तक के लिए विश्राम लेगी।

## खेल मंत्री

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि योग ने अब वैश्विक स्तर पर अपनी खास पहचान बना ली है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय खेलों में पहली बार योगासन को मुख्य प्रतियोगिता के रूप में शामिल किया। अब यह उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही योगासन को एशियाड और ओलंपिक जैसी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भी स्थान मिलेगा।

श्रीमती आर्या ने कहा कि यदि योग को खेल के रूप में देखा जाए, तो उत्तराखंड में योग के खिलाड़ियों की संख्या देश में सबसे अधिक है।

एक निजी शैक्षिक संस्थान में आयोजित प्री योगा ओलंपियाड पुरस्कार वितरण समारोह में उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करें, क्योंकि आज खेल भी एक उज्ज्वल भविष्य का माध्यम बन चुके हैं।

## अर्थव्यवस्था

भारतीय अर्थव्यवस्था, जापान को पीछे छोडकर विश्व की चौथी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन गई है। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.वी.आर. सुब्रह्मणयम ने कहा है कि भारत अब अगले ढाई से तीन वर्ष के दौरान जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचने को तैयार है। नीति आयोग की कल दसवीं शासी परिषद की बैठक के बाद उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकडों के अनुसार भारत अब चार हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है।

## बूढ़ा भरसार

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी जिले के ''बूढ़ा भरसार ट्रैक'' को ''ट्रैक ऑफ द ईयर'' के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं। अपने विधानसभा क्षेत्र– श्रीनगर के दौरे पर आए डॉ. रावत ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में बूढ़ा भरसार के पाँच किलोमीटर लंबे पैदल ट्रैक को विकसित करने के साथ–साथ खिर्सू ब्लॉक में स्थित घंडियाल देवता मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और इसके लिये जल्द कार्ययोजना बनाने को भी कहा। इस दौरान उन्होंने विकास की संभावनाओं और ग्रामीणों की आजीविका बढ़ाने से जुड़ी योजनाओं पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।

## कोरोना

देहरादून में हाल ही में कोरोना संक्रमण के तीन मामले सामने आए हैं। ये तीनों व्यक्ति अन्य राज्यों से उत्तराखंड आए थे। एक संक्रमित व्यक्ति वापस अपने राज्य लौट चुका है, जबकि दो अन्य को अस्पताल और होम आइसोलेशन में रखा गया है और दोनों की हालत स्थिर है। देहरादून में अब तक लिए गए 36 सैंपलों में सिर्फ बाहरी राज्यों से आए ये तीन लोग ही पॉजिटिव मिले हैं। उत्तराखंड में अभी तक किसी स्थानीय संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है।

इधर, जिलाधिकारी सविन बंसल ने स्वास्थ्य विभाग को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में कोविड बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, दवाइयां, वैक्सीन, वेंटिलेटर, आईसीयू बेड और टेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ट्रूनेट टेस्ट, एंटीजन रैपिड टेस्ट, आरटी–पीसीआर और आइसोलेशन वार्ड की तैयारी को भी दुरुस्त करने को कहा गया है।

जिलाधिकारी ने पिछले कोविड अनुभव को देखते हुए सैंपलिंग टीम, मोबाइल टीम, कंट्रोल रूम, एंबुलेंस और अन्य संसाधनों की पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कोविड के लक्षण दिखने पर जांच कराएं और आइसोलेट हों। भीड़भाड़ वाले स्थानों से बचने की सलाह दी गई है। प्रशासन का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, लेकिन सावधानी और सतर्कता जरूरी है।

## कार्ट शुभारम्भ

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में हाउस ऑफ हिमालयाज के कार्ट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्टॉल पर प्रदर्शित उत्पादों का निरीक्षण किया और हाउस ऑफ हिमालयाज के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली।

मंत्री जोशी ने डिजिटल पेमेंट के माध्यम से खरीदारी कर इस पहल को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि हाउस ऑफ हिमालयाज एक अम्ब्रेला ब्रांड है, जिसे वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल अभियान के

तहत विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य उत्तराखंड के स्वयं सहायता समूहों, महिला किसानों और ग्रामीण उद्यमियों द्वारा निर्मित प्रीमियम उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है।

और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुये विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह ख़बर आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खी में है। अमर उजाला लिखता है– आई.एम.एफ के आंकड़ों के हवाले से नीति आयोग के सी.ई.ओ ने कहा– वैश्विक और आर्थिक माहौल भारत के अनुकूल।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के वक्तव्य को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिंदुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है– उत्तराखंड में 98 प्रतिशत गांव यूसीसी से जुड़े। अमर उजाला समाचार पत्र लिखता हे– यूसीसी में पंजीकरण को डेढ़ लाख से अधिक आवेदन।

सिखों के प्रसिद्ध धाम हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने की खबर को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। अमर उजाला ने लिखा है– जो बोले सो निहाल के साथ खुले श्री हेमकुंड साहिब के कपाट। दैनिक जागरण ने लिखा है – वर्षा के बीच चार हजार चार सौ अधिक श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब में मत्था टेका।